Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 08 नवंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 41

## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्रीनगर में सुरक्षा के हालात अब पहले जैसे : उमर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह बहुत निराशाजनक है कि श्रीनगर में सुरक्षा की स्थिति अब बदतर हालत में अर्थात पहले जैसी हैं। उमर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा शहर में नए बंकरों की स्थापना और मैरिज हॉल के अधिग्रहण करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, मेरी सरकार ने श्रीनगर में कम्युनिटी/मैरेज हॉल बनाए और बंकरों को तोड़ा। यह निराशाजनक है कि शहर में सुरक्षा की स्थिति अब पहले की तरह हो गई है कि नए बंकर बनाए जा रहे हैं और मैरिज हॉल को सुरक्षा बलों के लिए बैरक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में नागरिकों की हत्याओं के बाद अतिरिक्त बलों को कश्मीर भेजा गया और उनमें से कुछ ने शहर के कुछ मैरिज हॉल पर कब्जा कर लिया। इस कदम से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है।

### करों में कटौती के बाद पेट्रोल, डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी रुकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** करों में कटौती के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी कमी आई है जिससे उपभोक्ताओं को और राहत मिली है। तेल विपणन कंपनियों के दैनिक मूल्य बदलाव तंत्र के तहत रविवार को लगातार तीसरे दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल की पंप कीमत गुरुवार को सुबह 6 बजे कम होकर 103.97 रुपये प्रति लीटर हो गई, जो पिछले दिनों 110.04 रुपये प्रति लीटर थी। राजधानी में डीजल की कीमतें भी 86.67 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहीं। आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.98 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में रविवार को भी कीमतें स्थिर रहीं, जहां पेट्रोल की कीमत 5.82 रुपये घटकर 104.67 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 11.77 रुपये घटकर 89.79 रुपये प्रति लीटर हो गई। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत भी 101.40 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपये प्रति लीटर पर बनी हुई है।

### कोरोना से ज्यादा प्रदूषण से हो रहा है नुकसान : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में जारी वायु प्रदूषण ने बुजुर्गों और बच्चों के साथ ही बीमार लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। मेदांता अस्पताल के इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद ने वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए स्मॉग टॉवर लगाना जनता के पैसे की भारी बर्बादी करार देते हुए एक बड़ी गलती बताया है। यह वायु को प्रदूषित होने से बचाने में मददगार नहीं है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है, क्योंकि कोरोना से ज्यादा प्रदूषण ने लोगों की जान ली है। इसके साथ ही डॉ. अरविंद ने कहा कि बच्चे वायु प्रदूषण का अधिक सामना कर रहे हैं, जो काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि लंग केयर फाउंडेशन में हमारे अध्ययन के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक किशोरों में छाती रोग के लक्षण अधिक होते हैं, 29 प्रतिशत को अस्थमा होता है, 40 प्रतिशत मोटापे से ग्रस्त होते हैं (20 प्रतिशत अस्थमा की शिकायत अधिक होती है)। मेदांता अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ नरेश त्रेहन ने कहा था कि पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोग और बच्चे वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। डॉ. त्रेहन ने कहा कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति जिसे हृदय रोग जैसी कोई पुरानी समस्या है, वह अत्यधिक पीड़ित होगा। प्रदूषण सीधे उस व्यक्ति की सांस को प्रभावित करता है, जहां आप इन सभी विषाक्त पदार्थों को अपने फेफड़ों में ले जा रहे हैं। इसके कारण आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, यदि आप पहले से ही दिल के दौरे की स्थिति से पीड़ित हैं तो आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है।

## सरकार के ऐतिहासिक फैसलों से लॉकडाउन में बदली 80 करोड़ जिंदगियां : सीतारमण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने आज कहा कि हमे आज भी याद है कि लॉकडाउन के 48 घंटों के भीतर हमारी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेकर 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की थी।

राजधानी दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अगले साल होने वाले सात राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की रणनीति तय करना था। उन्होंने कोविड -19 (कोरोनावायरस) महामारी के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए की गई विभिन्न पहलों के लिए केंद्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में किए गए टीकाकरण के सराहनीय कार्य की सराहना करते हुए हमें यह भी याद है कि कैसे विपक्षी दलों ने शुरू से ही सरकार द्वारा किए गए टीकाकरण पर कई सवाल उठाए थे। सीतारमण ने कहा कि लॉकडाउन की घोषणा के 48 घंटों के भीतर सरकार ने पूरे आठ महीनों तक 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की। अनाथ बच्चों के लिए पीएम-केयर्स फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम ने दुनिया को दिखाया कि कैसे पीएम मोदी और हमारी सरकार उनकी देखभाल करती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना को भी तेजी से लागू किया। केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के शिकार लोगों के न्याय के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी कानूनी प्रक्रियाओं के दौरान उनके साथ खड़े रहेंगे और बंगाल में पार्टी के हर भाजपा कार्यकर्ता का समर्थन करेंगे।

निर्मला सीतारमण ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में कमी आई है। सीतारमण ने कहा कि आंकड़ों की मानें तो 2004-14 तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में 2081 लोगों की जान गई। जबकि 2014 से सितंबर 2021 तक जम्मू-कश्मीर में मजह 239 नागरिक मारे गए। इससे साफ पता चलता है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास कार्यों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने इस बात पर भी चर्चा की कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कैसे ब्लॉक विकास परिषदों और जिला विकास परिषद के चुनाव हुए और कैसे लोग लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए बाहर आने के इच्छुक हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के लिए जनवरी 2021 में 28,400 करोड़ रुपये की उद्योग संवर्धन योजना लॉन्च की गई थी। कश्मीर में 56,201 करोड़ रुपये की 54 परियोजनाएं भी शुरू की गई हैं।

## अब लगेगा बिना सुई वाला कोरोना टीका

**» एक करोड़ खुराक की खरीदी का हुआ आदेश**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस के खिलाफ जल्द ही एक और बड़ा सशक्त हथियार मिलने जा रहा है। केंद्र सरकार ने अहमदाबाद की कंपनी जाइडस कैडिला की तीन खुराक वाले टीके जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक खरीदने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही यह टीका राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में इस महीने शामिल हो जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में विकसित दुनिया के पहले डीएनए-आधारित कोविड-19 टीके को टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने के लिए शुरुआती कदमों को हरी झंडी दिखा दी है। शुरुआत में इसे वयस्कों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी। जाइकोव-डी पहला ऐसा टीका है जिसे भारत के औषधि नियामक ने 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों के टीकाकरण के लिए मंजूरी दी है। इस टीके का इस्तेमाल बिना सुई की मदद से फार्माजेट तकनीक से किया जाएगा।



मिली जानकारी के अनुसार , केंद्र जाइडस कैडिला को जाइकोव-डी टीके की एक करोड़ खुराक के लिए ऑर्डर दे चुका है, जिसकी कीमत टैक्स को छोड़कर करीब 358 रुपए है। इस कीमत में 93 रुपए की लागत वाले जेट एप्लीकेटर का खर्च भी शामिल है। इसकी मदद से ही टीके की खुराक दी जाएगी। सूत्र ने बताया, सीमित उत्पादन क्षमता की वजह से शुरू में सिर्फ वयस्कों को ही यह टीका दिये जाने की संभावना है। कंपनी के अधिकारियों ने मंत्रालय को बताया कि जाइडस कैडिला प्रति माह जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक मुहैया कराने की स्थिति में है। इसके तीन खुराकों को 28 दिनों के अंतराल पर दिया जाना है। देश में विकसित यह दुनिया का पहला ऐसा टीका है जो डीएनए-आधारित और बिना सुई वाली है। जाइकोव-डी को 20 अगस्त को दवा नियामक से आपातकालीन इस्तेमाल के लिये मंजूरी मिली थी ।

## कोरोना के नए मामलों में आई मामूली कमी

**» 24 घंटे में 10,853 नए मामले, 526 लोगों की मौत**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ और कोरोना मामलों में उतार-चढ़ाव चल रहा है। पिछले एक दिन में जहां नए मामलों में मामूली कमी आई, वहीं संक्रमितों की मौतों में इजाफे ने चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार पिछले 24 घंटे के अंदर 10,853 नए कोरोना मामले आए हैं। हालांकि मौतों का आंकड़ा 526 दर्ज किया गया है, जो कि चिंता का कारण है और कल की तुलना में 134 अधिक है। हालांकि वहीं पिछले 24 घंटे में कोरोना से 12,432 मरीज ठीक होकर अपने घर पहुंचे हैं। इस प्रकार देश में अब तक 3,37,49,900 लोग कोरोना का मात देकर ठीक हो चुके हैं और रिकवरी दर 98.24 फीसदी पहुंच गया है। उपचाराधीन सक्रीय मामलों का संख्या अब घटकर सिर्फ 1,44,845 यानि 0.42 फीसदी रह गई है, जो पिछले 260 दिनों बाद सबसे कम हैं। वहीं संक्रमण की दैनिक दर 1.18 फीसदी दर्ज की गई, जो पिछले 34 दिनों से दो फीसदी से कम है। साप्ताहिक संक्रमण दर 1.28 फीसदी दर्ज की गई, जो पिछले 44 दिनों से दो फीसदी से कम है। कोरोना के खिलाफ देश में वैक्सीनेशन अभियान लगातार जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक देश में कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा 1,08,21,66,365 हो गया है। वहीं बीते 24 घंटे में 28,40,174 कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गई। देश में लगातार 30वें दिन 20,000 से कम और लगातार 133वें दिन 50,000 से कम कोविड-19 के मामले सामने आए।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री देशमुख 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**मुंबई (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से नौ दिनों की हिरासत की याचिका को स्वीकार करने से इनकार करते हुए विशेष अवकाशकालीन अदालत के न्यायाधीश पी. आर. सित्रे ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मुंबई की अदालत ने धन शोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री देशमुख को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है, जबकि स्पेशल कोर्ट में ईडी की तरफ से कस्टडी की मांग की गई थी। लेकिन



स्पेशल कोर्ट ने 1 नवंबर को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश सुनाया।

इसके साथ ही, उनके बेटे ऋषिकेश देशमुख, जिन्हें इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया है, ने अग्रिम जमानत के लिए सत्र अदालत का दरवाजा खटखटाया है और उनकी याचिका पर 12 नवंबर को सुनवाई होगी।

ईडी द्वारा 1 नवंबर को 13 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख को 2 नवंबर की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया था और एजेंसी की 4 दिन की हिरासत में भेज दिया गया था।

यह मामला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों से उत्पन्न हुआ है, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वह वर्तमान में लापता हैं। सिंह ने देशमुख पर कथित तौर पर होटल व्यवसायियों से मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को 100 करोड़ रुपये का मासिक संग्रह लक्ष्य यानी उगाही करने का आरोप लगाया था, जिन्हें अब बर्खास्त कर दिया गया है।

9 दिनों के लिए हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए, ईडी ने कहा कि छुट्टियों के कारण, वे कुछ दस्तावेज प्राप्त करने में असमर्थ हैं और देशमुख के जवाब टालमटोल वाले रहे हैं, इसलिए उन्हें मामले में शामिल अन्य आरोपियों के साथ उनका सामना कराने की आवश्यकता है।

## काठमांडू में पकड़ें गये 11 अफगानों के आधार कार्ड सही, दिल्ली में बने थे सभी

**देहरादून (आरएनएस)।** भारत में आधार कार्ड बनाना कितना आसान है इस बात की गवाही नेपाल में 25 अक्टूबर को पकड़े गए सभी छह संदिग्ध अफगानियों के आधार कार्ड से मिलती है1 इनके आधार कार्ड पूरी तरह से सही हैं और दिल्ली में ही बने हैं। सभी कार्ड एक जुलाई को एक ही दिन डाउनलोड किए गए। इनके जारी होने की तिथि भी 26 जून समान ही है। इतना ही नहीं, इन सभी का भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) में एक ही फोन नंबर भी दर्ज है। इस जानकारी के बाद देश की खुफिया एजेंसियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

बताते चलें कि भारतीय सीमा सोनौली के रास्ते नेपाल पहुंचे 11 अफगानी नागरिकों को काठमांडू के सिनामंगल से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से नकली भारतीय आधार कार्ड बरामद हुआ है। इस सूचना से भारत-नेपाल सीमा पर तैनात तमाम एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। उन्?होंने अपने स्?तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नेपाल पुलिस के डीआईजी धीरज प्रताप सिंह के मुताबिक नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने सोमवार सुबह उन्हें सिनामंगल के एक घर से गिरफ्तार किया था। सीआईबी के अनुसार गिरफ्तार किए गए छह लोगों के पास से भारत के आधार कार्ड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद भारतीय आधार कार्ड फर्जी था। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद यह सभी भाग गए थे और भारत के रास्ते नेपाल में प्रवेश कर गए।

जांच में जो बातें सामने आई है उसके मुताबिक यह सभी अफगानी रूपन्देही में नेपाल-भारत सीमा पर बेलहिया से नेपाल में प्रवेश किए पाए गए थे। यह सीमा सोनौली से सटे है। अफगानियों की गिरफ्तारी के समय स्थानीय जांच एजेंसियों ने उनके आधार कार्ड को फर्जी बता अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। लेकिन आइबी के साथ ही नेपाल गृह मंत्रालय की रिपोर्ट ने शनिवार को स्थिति स्पष्ट कर दी। यूआइडीएआइ ने सभी के आधार कार्ड नंबर को प्रमाणित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि संदिग्ध अफगानी 14 अप्रैल 2021 को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से सेना की वापसी के ऐलान से पहले से ही दिल्ली में रह रहे थे। 15 अगस्त को तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद से ही वे यहां सक्रिय हो गये। सुरक्षा एजेंसियों के कसते शिकंजे के कारण उन्होंने आधार कार्ड की मदद से नेपाल पहुंच वहीं बसने की योजना बना ली। लेकिन वहां भी पकड़ लिए गए।

## आज ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी बाबा केदार की चल विग्रह डोली

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** भगवान केदारनाथ की चल विग्रह डोली देर सांय गुप्तकाशी पहुंची। यहां बड़ी संख्या में मौजूद भक्तों ने बाबा केदार की डोली का जोरदार स्वागत किया। इस मौके जय बाबा केदार के जयघोषों से केदारघाटी गुंजायमान रही। सोमवार को डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। जहां भगवान की छह माह शीतकालीन पूजा अर्चना की जाएगी।

रविवार को बाबा केदार की डोली यात्रा पहले पड़ाव रामपुर से पैदल चलते हुए गुप्तकाशी पहुंची। रामपुर से पैदल चलते हुए मार्ग में अनेक स्थानों पर क्षेत्रीय महिलाएं, बुर्जुग, नौजवान और बच्चों द्वारा बाबा की डोली का पुष्प और अक्षत वर्षा से स्वागत किया गया। कई जगहों पर डोली को सुंदर फूलों से बनाई गई मालाएं भेंट की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने जय बाबा केदार के जयघोष लगाए। साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विभिन्न पड़ावों से होते हुए डोली देर सांय गुप्तकाशी स्थिति काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची। यहां भगवान की पूजा अर्चना की गई।

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी: चुनावी राज्यों में लिया विजय का संकल्प

**» पीएम केंद्रित राजनीतिक प्रस्ताव में केंद्र सरकार के कामकाज को सराहा**

**» विपक्ष पर लगाया नकारात्मक राजनीति का आरोप**

**» अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति का किया दावा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के दो साल बाद हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा ने उत्तर प्रदेश सहित पांच चुनावी राज्यों में जीत का संकल्प लिया है। इस दौरान पेश किए गए राजनीतिक प्रस्ताव में मोदी सरकार के कामकाज की सराहना करते हुए विपक्ष पर अवसरवादिता की राजनीति करने का आरोप लगाया गया। प्रस्ताव में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद आतंकवाद में कमी और विकास कार्यों में तेजी आने का दावा किया गया है। प्रस्ताव में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और कोरोना महामारी से निपटने के मामले में पीएम की तारीफ की गई है।





यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव में सफल टीकाकरण, रोम में हुए जी-20 सम्मेलन में पीएम के वन अर्थ वन हैल्थ के संदेश, कोरोना काल में चलाई गई गरीब कल्याण योजना, किसान सम्मान निधि योजना, गरीबों-किसानों को राहत देने के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं, आयुष्मान भारत योजना, स्वस्थ भारत मिशन, भ्रष्टाचारमुक्त दूरदर्शी और गरीब हितैषी दृष्टि अपनाने केलिए पीएम की तारीफ की गई है।

**जम्मू-कश्मीर में शांति के साथ विकास-** प्रस्ताव में अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद राज्य में आतंकवाद में कमी आने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए भी मोदी सरकार की तारीफ की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 के हटने केबाद आतंकी घटनाओं में व्यापक कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक जहां आतंकी घटनाओं में 2081 लोगों की मौत हुई, वहीं केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद बीते करीब सात सालों में महज 239 लोगों की जान गई है। बीते महज दो सालों में राज्य में करीब 56 हजार करोड़ की लागत से 54 अहम योजनाओं की शुरुआत हुई है।

**सामाजिक न्याय के लिए भी थपथपाई पीठ-** राजनीतिक प्रस्ताव में सामाजिक न्याय की दिशा में पीएम मोदी की पहल की भी तारीफ की गई है। नीट में ओबीसी कोटा लागू करने, सामान्य वर्ग के गरीबों को दस फीसदी आरक्षण की व्यवस्था करने, राज्यों को ओबीसी सूची बनाने का अधिकार देने, ओबीसी आयोग को संवैधानिक मान्तया देने, आकांक्षी जिलों में विकास की नई इबारत लिखने के लिए पीएम के नेतृत्व की जम कर तारीफ की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को वास्तविक स्वरूप में जमीन पर उतारा है।

**विपक्ष पर अवसरवादी राजनीति का आरोप-** प्रस्ताव में विपक्ष पर विभिन्न मुद्दों पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए इस रवैये की कड़ी निंदा की गई। खासतौर पर कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में विपक्ष पर लोगों में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि विपक्ष ने कोरोना ही नहीं अन्य मुद्दों पर नकारात्मक राजनीति करते हुए असीम नफरत की मानसिकता से काम किया।